हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

4 चपले एनीकट में हाईड्रो टर्बाइन पंप प्लेटफार्म का 60 फीसदी काम पूरा





## खबर संक्षेप



### हाटी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**हाटी।** हाटी में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जहां मुख्य वक्ता के रूप सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सोलंकी, उपस्थित हुई। जहां हिन्दू पंच परिवर्तन और संघ शताब्दी के संबंध में अपने विषय रखी अपने उद्बोधन में हिंद परिवार की जीवनी शैली, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और अध्यात्म विषयों पर अपने विचार रखी। कार्यक्रम में वक्ता प्रकाश शर्मा सामाजिक समरसता संयोजक रायगढ़ के द्वारा अपने विषय में भारत की गौरव शाली इतिहास और हिन्दू जीवनशैली पर गहन विचार रखा। उक्त कार्यक्रम में जहां श्री राम आए है के गीत पर नृत्य, और झांकी का अद्भुत दृश्य लोगों का मन मोह लिया। उक्त मंच पर मुख्य वक्ता, वक्ता के साथ बाला राम राठिया, मुरारी लाल अग्रवालए पतंग राठिया, अशोक दास महंत, श्रीमती दुलारी बाई सरपंच, मंच में मंच सीन थे। हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम में विद्यालय केएमके और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों की सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पीएम आवास के हितग्राहियों को रेत की किल्लत

**कोसीर।** कोसीर अंचल में खनिज व पुलिस विभाग की रेत पकड कार्रवाई से गांव गांव में पीएम हितग्राही रेत व गिट्टी को लेकर काफी परेशान नजर आ रहे है। एक तरफ गरीबो की हित मे बेहतर पहल करते हुए आवासहीन व फूटा टूटा कच्चे मकान की जगह पक्की मकान बनाने की योजना है तो दूसरी ओर रेत की परेशानी है। हर गांव गांव में पीएम आवास दर्जनो की संख्या मे स्वीकृति है जिसे बनाने के लिए रेत व गिट्टी की विशेष जरूरत है। इसके बिना कार्य प्रगति पर नही बल्कि रूकावट देखा जा रहा। दूसरे तरफ देखा जाए तो शासन प्रशासन पीएम आवास स्वीकृति दे रही और कार्य को प्रगति में लाने के लिए दबाव बनाई जा रही है। वही बिना रेत व गिट्टी के कार्य मे स्पष्ट रूप से प्रभावित हो रहा है जिसके फलस्वरूप कार्य मे धीमी होते जा रहे है क्योंकि टेक्टर वाले रेत गिट्टी की सप्लाई करने मे घबराहट महसूस कर रहे है। एक ट्राली रेत पहले जहा 700 से 800 तक मिल जाता था, लेकिन अभी धर पकड के कारण 14 से 1500 तक में मिल रहा है। जिसके कारण गरीबो को दोगुनी दाम मे लेना पड़ रहा है। इससे हितग्राही परेशान नजर आ रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर स्कूलों की हुई बैठक

**कोसीर।** कोसीर में गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाने के लिए स्कूलों की बैठक कन्या हाई स्कूल में आयोजित हुई। 26 जनवरी को सुबह 09 बजे कोसीर गांव के हदय स्थल डॉ भीमराव अंबेडकर चौक में सामूहिक झंडा फहराया जाएगा ।जहां सभी स्कूल की प्रभात फेरी पहुंचकर झंडा को सलामी देंगे। वहीं हाईस्कूलों की यहां पर 05 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झाकियां निकाली जाएंगे और स्कूल में अच्छे अंक में उत्कृष्ट छात्रों को सम्मान किया जाएगा। इस तरह का निर्णय लिया गया। इन सभी कार्यक्रमों में ग्राम पंचायत कोसीर की भागदारी रहेगी और छात्रों को ग्राम पंचायत प्रोत्साहित करेगी। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोसीर गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र राव एकमल कृष्ण श्रीवास, मिथुन सोनी एशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एसपी भारती, व्याख्याता विजय महिलाने, वरिष्ठ साहित्यकार, लक्ष्मीनारायण लहरे, कन्या हाईस्कूल के प्राचार्य श्रीमती सीमा मिंज, थानेश्वर चंद्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य बेदराम रत्नाकर, मां कौशलेश्वरी विद्या मंदिर से संतोष आदित्य, श्रीजा स्कूल से कुश कुमार भारती, बेदराम भोई, वैदिक विद्या मंदिर और अन्य स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

### सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं, एफआईआर और पेनाल्टी के बाद भी सुधार नहीं


# तीन साल में औद्योगिक हादसों में 55 की मौत, 63 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के उद्योगों में हादसों का सिलसिला नहीं थम रहा है। इसकी बानगी बीते तीन साल में हुए हादसों में मौत के आंकड़ों से देखी जा सकती है। हादसों का कारण सुरक्षा मानदंडों का पालन नहीं होने को माना जा रहा है। समय-समय पर विभाग की ओर से जांच कर कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन वह भी नाकाफी है। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने एक आंकड़ा जारी किया है जिसके अनुसार बीते 3 साल में अलग-अलग उद्योगों में हुए हादसे में काम करने वाले 55 लोगों की जान जा चुकी है, वहीं 63 लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के अनुसार साल 2023 में 9 प्लांटों में हादसों के मामले सामने आए। जिसमें 9 मजदूरों की मौत हो गई और 6 गंभीर व 6 सामान्य रूप से घायल हुए।

इसके बाद आकड़ों का ग्राफ भी बढ़ता गया। साल 2024 में उद्योगों में 22 हादसे हुए और इसमें 23 मजदूरों की मौत हो गई। जबकि 14 गंभीर और 18 सामान्य रूप से घायल हुए। इसके अलावा साल 2025 में भी 22 हादसों में 23 लोगों की जान चले गई और 9 गंभीर व 10 सामान्य रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचे। जिन प्लांटों में हादसा हुए उसमें एनआर इस्पात, रायगढ़ इस्पात, एमएसपी स्टील एंड पवार लिमिटेड, एनआरवीएश स्पंज प्लांट, जिंदल स्टील एंड पावर प्लांट, सिंघल स्पंज प्लांट, बीएस स्पंज प्राइवेट लिमिटेड, नवदुर्गा फ्युल प्राइवेट लिमिटेड, शारदा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड समेत कई प्लांट शामिल हैं।



आईएचएसडी ने जारी किया आंकड़ा, नहीं थम रहे हादसे

#### इस वजह से हुई घटनाएं

विभाग के अनुसार उद्योगों में हादसे अक्सर सुरक्षा मानकों की कमी के कारण हो रहे हैं। जिसमें मजदूरों को बिना सुरक्षा व मनमाने तरीके से काम कराया जाता है। पिछले कुछ सालों में देखा गया है कि अधिक हादसे बॉयलर फटने या कन्वेयर बेल्ट और मशीन की चपेट में आने से हुई है। उत्पादन बढ़ाने के दबाव में सुरक्षा नियमों की अनदेखी और पुराने पड़ चुके उपकरणों का रखरखाव न होना भी मौतों की मुख्य वजह बताई जा रही है।

#### तीन माह में 25 आपराधिक प्रकरण दर्ज

विभाग के अनुसार कारखानों में लगातार हादसों को देखते हुए नियमित रूप से जांच की जा रही है। पूर्व में हुए हादसों में निरीक्षण में कई कमियां पाई गई। ऐसे में बीते 3 माह में उद्योगों के खिलाफ 25 आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया गया है। इसके अलावा जांच के दौरान जिन प्लांटों में सुरक्षा को लेकर कमियां मिलती हैं, उन्हें नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए जाते हैं।

#### दिया गया है निर्देश

तीन साल के भीतर औद्योगिक हादसों में 55 लोगों की मौत हुई है। उद्योगों में समय-समय पर जांच की जाती है। सुरक्षा मानदण्डो को पूरा करने का निर्देश दिया जाता है।

राहुल पटेल, उप संचालक




पर्यटक बसों को दिया जा रहा निर्देश

# पर्यटक बसों में आगे-पीछे लिखना होगा अखिल भारतीय पर्यटक यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि कोई तीर्थाटन के लिए पर्यटक बस का संचालन करता है तो उनको बस के आगे पीछे अखिल भारतीय पर्यटक यान लिखाना जरुरी है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में आरटीओ उड़नदस्ता की टीम बस को जब्ती भी बना सकती है। दूसरी ओर बसों की लगातार जांच भी की जा रही है। इसी दौरान पर्यटक बसों में संचालकों को हिदायत भी दी जा रही है।

गुरुवार को छग परिवहन आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ उड़नदस्ता प्रभारी सुजीत सिंहा के नेतृत्व में स्लीपर और अन्य बसों की जांच की जा रही है। इस दौरान विशेष तौर पर फायर एक्सटिंग्विशर और इमरजेंसी एक्जिट गेट की जांच की जा रही है। जिन बसों में इसकी कमी पाई जा रही है उनको सुधार करने निर्देशित किया जा रहा है। दूसरी ओर पर्यटक बसों की काफी गंभीरता से जांच हो रही है। इस दौरान पर्यटक अखिल भारतीय पर्यटक यान लिखने की हिदायत दी जा रही है। जांच के दौरान नियमों का उल्लघंन करने वाले 10 बसों पर चालानी कार्रवाई भी की गई है। कई बसों में परिमट का भी उल्लघंन होने की जानकारी मिली है।

#### खास बात

- आरटीओ उड़दनस्ता टीम कर रही है बसों में फायर एक्सटिंग्विशर और इमरजेंसी एक्जिट गेट की जांच

# कृषि अधिकारियों ने दुकान को किया सील, 270 बोरी अवैध खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को धरमजयगढ़ कृषि विभाग की टीम ने अंकित कृषि केंद्र में जांच की गई। इस दौरान खाद भंडारण और वितरण में कई तरह की अनियमितता सामने आई। इसके बाद अंकित कृषि केंद्र को सील कर दिया गया है।

अधिकारियों को धरमजयगढ़ नीचे पारा स्थित अंकित कृषि केंद्र में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी कृषि पीएस सिंह, उर्वरक निरीक्षक एसयू खान, आरके पटेल और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विवेक चंद्रा द्वारा अंकित कृषि केंद्र में दबिश दी गई। यहां खाद भंडारण और वितरण में कई तरह की जहां गड़बड़ी सामने आई। वहीं अन्य कई तरह की अनियमितता भी मिली। इसके कारण अंकित कृषि केंद्र को सील कर दिया गया है। वहीं अवैध रुप से भंडारित 270 बोरी एसएसपी खाद को भी जब्त कर लिया गया है।



जांच के दौरान मिली अन्य कई तरह की अनियमितताएं

#### आरोपियों से 5 लाख से अधिक कीमती के जेवरात बरामद

# सूने मकानों में सेंधमारी करने वाले तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए नकबजनी के दो मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान कुल कीमती 5 लाख 16 हजार को बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार 27 दिसंबर को रामभांठा जवाहर नगर रायगढ़ निवासी आशा भगत पिता तुसवा राम भगत 36 वर्ष द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वो 22 दिसंबर को घर में ताला लगाकर जशपुर गई थी। 27 दिसंबर की दोपहर करीब 2 बजे जब वे वापस लौटी तो देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला खोलने पर अंदर के दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था तथा तीन आलमारियों के ताले भी टूटे हुए थे। आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, स्मार्ट वॉच व एयरफोन गायब थे, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख रुपए थी। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज कर मामले विवेचना में लिया गया। इस दौरान मुखबिर सूचना पर पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिनसे मेमोरेंडम कथन लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने 26 दिसंबर की रात आशा भगत के मकान का ताला तोड़कर चोरी करना तथा उसी मकान में किरायेदार अनिल कुजूर के घर में भी सेंधमारी कर जेवरात चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी विजय लकड़ा पिता अंतर लकड़ा 27 वर्ष निवासी रामभांठा जवाहर नगर के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, नेकलेस, कान की बाली, चांदी के पायल, हाथफुल, बिछिया सहित अनेक जेवरात तथा आरोपी अविनाश बरेठ पिता कमलेश बरेठ 27 वर्ष निवासी बापूनगर मानकेसरी मंदिर के पास के कब्जे से सोने की कान की बालियां, चांदी के पायल एवं बिछिया जप्त किए गया है। वहीं इस वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी नवजोत सिंह उर्फ गगनदीप पिता रंजीत सिंह 21 वर्ष निवासी रामभांठा जवाहर नगर को भी गिरफ्तार किया गया है।



# मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ ने शुरू की अनिशिचतकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ इन दिनों अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। हालांकि जिले के कई स्कूलों में रसोइया खाना बनाते हैं तो कई स्कूलों में स्व सहायता समूह की महिलाएं। जहां महिलाएं खाना बनाती हैं वहां तो सुचारु है, लेकिन कुछ स्कूलों में एमडीएम के लिए बच्चों को परेशानी हो रही है। संघ द्वारा बताया गया कि 29 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, जिसके चलते स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की पूरी व्यवस्था चौपट हो गई है। स्कूलों में इन दिनों अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, जिससे व्यवस्था में शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में प्राथमिक शालाओं में एक-एक शिक्षक इन दिनों 5 दिवसीय एफएलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। ऐसे में शालाओं में अधिकतर एक या दो शिक्षक ही बच रहे हैं। इस स्थिति में रसोइयों के हड़ताल पर जाने से शिक्षकों को और अधिक काम करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ की तीन प्रमुख मांगों में रसोइयों को कलेक्टर दर से मानदेय देना, सरकार द्वारा की गई 50 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी का लाभ तुरंत पूरा देना और रसोइयों की संख्या कम होने पर निकाले जाने की प्रक्रिया बंद करने व आंदोलनरत रसोइयों को पुनः बहाल करने की मांग शामिल है।



# इंस्टाग्राम पर युवती की आपत्तिजनक फोटो शेयर करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** इंस्टाग्राम पर एक स्थानीय युवती की आपत्तिजनक फोटो साझा करने और अभद्र टिप्पणियां करने की शिकायत पर पुसौर पुलिस ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती द्वारा पूर्व में 25 अगस्त को एक नाबालिग के खिलाफ शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुसौर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जहां से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया था। युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि आरोपी जमानत पर रिहा होने के बाद 26 नवंबर को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील टिप्पणियां करने लगा तथा आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी द्वारा युवती के निजी इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसकी कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें साझा की गईं, जिससे युवती मानसिक रूप से अत्यधिक प्रताड़ित हुई। घटना से आहत होकर युवती ने अगले ही दिन 27 नवंबर को थाना पुसौर में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। युवती के आवेदन पर थाना पुसौर में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

# मुर्गा बनाने की बात पर पत्नी का दबा दिया गला, पुलिस को बताया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुर्गा बनाने की बात पर हुए विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी का गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी। वहीं पुलिस को गुमराह करने के लिए अपनी द्वारा फांसी लगा कर खुदकुशी करने की बात बताई, लेकिन उसकी चालाकी नहीं चली। पुलिस ने महिला की संदिग्ध मृत्यु के मामले का खुलासा करते हुए उसके पति को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना लैलूंगा क्षेत्र के ग्राम काराडेगा पटेलपारा में 24 दिसंबर की शाम पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी गिरधारी पैंकरा द्वारा थाना लैलूंगा में मर्ग सूचना दर्ज कराई गई थी, जिसमें उसने बताया कि उसकी पत्नी डिजेश्वरी पैंकरा ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। ऐसे में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा की गई बारीकी से जांच एवं शव परीक्षण रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु हत्यात्मक होना स्पष्ट किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि 24 दिसंबर की शाम आरोपी बिना पूछे मुर्गा लेकर घर पहुंचा, जिस पर पत्नी द्वारा नाराजगी जताए जाने से दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान आरोपी ने लोहे की फुंकनी एवं धारदार परसूल से मारपीट कर रस्सी से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने अपराध को छुपाने की नीयत से मृतिका को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया और परिजनों व ग्रामीणों को झूठी जानकारी दी। मर्ग जांच में अपराध के साक्ष्य छुपाने एवं मिथ्या सूचना देने की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है।



### 18 हाथियों की भी गई जान, विभिन्न वन मंडलों में विचरण कर रहे हाथी

# रायगढ़ वन मंडल में 5 सालों में हाथी के हमले से 11 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले विभिन्न वन मंडलों में सबसे अधिक हाथियों की आवाजाही होती है। इसमें केवल रायगढ़ वन मंडल की बात करें तो संख्या अधिक होने के बाद भी यहां हाथियों के हमले से मानव हानि की घटनाएं कम ही होती है। इसका कारण लोगों की जागरूकता को माना जा रहा है। हाथियों ने फसल, मकान व संपत्ति को जरूर नुकसान पहुंचाया है, लेकिन पिछले पांच सालों में केवल रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों के हमले से 11 लोगों की मौत हुई है। इस वर्ष की पहली छमाही में केवल दो लोगों की ही जान हाथी के हमले से गई है।

वन विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में इन दिनों करीब 400 से अधिक हाथियों की चहलकदमी मानी जा रही है। इनमें से करीब 150 हाथी तो रायगढ़ जिले के ही धरमजयगढ़, रायगढ़ वन मंडलों के विभिन्न वृत्तों में या तो भ्रमण कर रहे हैं या फिर कुछ दिनों से स्थायी ठिकाना ही बना लिया है। इनमें से कुछ हाथी कभी सरगुजा वन मंडल तो कभी जशपुर की ओर चले जाते हैं, फिर लौट जा रहे हैं। यह अच्छी बात है कि रायगढ़ जिले में हाथियों की संख्या अधिक होने के बाद भी उनके द्वारा मानवों को कुचलने की घटनाएं कम होती हैं।




#### हाथी से मौत पर दो साल से लंबित है प्रकरण

रायगढ़ वन मंडल में हाथी के हमले से 24 जुलाई 2022 को घरघोड़ा तहसील के बटुराकछार निवासी महिला दिरराजो राठिया 55 पति बंधन सिंह राठिया की मौत हो गई थी। हाथियों से मौत होने पर सरकार द्वारा सहायता राशि दी जाती है, लेकिन यह प्रकरण अभी भी लंबित है क्योंकि मृत महिला के आश्रतों द्वारा अभी तक उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। इसी प्रकार तमनार तहसील के कांटाझरिया निवासी महिला चमारिन बाई मांझी 55 पति सुंदर मांझी को हाथी ने 20 फरवरी 2024 को कुचल दिया था। यह प्रकरण भी लंबित है क्योंकि इसमें भी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वन विभाग में प्रस्तुत नहीं किया जा सका है।

# युवकों ने हाथी को दौड़ाया खोजबीन में जुटा विभाग

**रायगढ़।** जिले में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हाथियों को बाइक से कुछ युवक भगा रहे हैं, लेकिन बाद में हाथी ने पलटकर उन्हें दौड़ाया है। ऐसे में जब इसकी जानकारी वन अमला को लगी तो मामले में पंचनामा कर युवकों की पतासाजी की जा रही है। मामला कापू वन परिक्षेत्र का है। सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात धरमजयगढ़ के जंगल से होकर एक हाथी कापू वन परिक्षेत्र के गोलाबुड़ा बीट की ओर पहुंच गया। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीण उसे भगाने के लिए पहुंच गए। इस दौरान कुछ युवक हाथी को बाइक से दौड़ाने लगे। इसी बीच हाथी कुछ दूर जाकर वापस पलट गया और बाइक सवार को दौड़ाने लगा। हांलाकि कुछ दूर दौड़ाकर हाथी वापस जंगल की ओर चले गया। बताया जा रहा है कि जब इसकी जानकारी वन अमला को लगी तो वनकर्मी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से पूछताछ की गई तब पता चला कि बाइक पर दौड़ा रहे युवक दूसरे गांव के हैं, जो उसी रास्ते से कहीं जा रहे थे। फिलहाल उनकी पतासाजी की जा रही है।



खबर संक्षेप

## रेलवे एफओबी मरम्मत के दौरान स्लैब धंसा

राउरकेला। राउरकेला रेलवे कंस्ट्रक्शन कार्यालय के समीप रेलवे कॉलोनी को शहर से जोड़ने वाले फुट ओवर ब्रिज पर मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। ब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान अचानक एक स्लैब धंस गयाए जिससे 56 वर्षीय रेलकर्मी नंदलाल लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। वे राउरकेला रेलवे के आईओडब्ल्यू विभाग में कारपेंटर के पद पर कार्यरत हैं। आईओडब्ल्यू विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर नंदलाल लकड़ा को फुट ओवर ब्रिज पर मरम्मत कार्य के लिए लगाया गया था। मंगलवार शाम करीब चार बजे काम के दौरान अचानक स्लैब धंसने से उनका संतुलन बिगड़ गया। नीचे गिरने से बचने के लिए उन्होंने पुल के लोहे के ढांचे को पकड़ लिया और लटकते रह गए। इसी दौरान नीचे से एक मालगाड़ी गुजरने लगी, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। कुछ देर तक जान जोखिम में डालकर झूलते रहने के बाद मौके पर मौजूद अन्य रेलकर्मियों ने साहस दिखाते हुए उन्हें सुरक्षित ऊपर खींच लिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान वे ट्रैक्शन तार की चपेट में भी आ गए, जिससे उनके सीनेए चेहरे और हाथों में गंभीर जलन और चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद उन्हें राउरकेला स्थित इस्पात जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहां बर्न और इमरजेंसी वार्ड में उनका इलाज जारी है।

## जिले में डेढ़ दर्जन इंस्पेक्टरों का फेरबदल

राउरकेला। एसपी नितेश वाधवानी के आदेश पर राउरकेला पुलिस जिले के 17 इंस्पेक्टरों को इधर उधर किया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा कुछ थानों के प्रभारियों के बदले गए वहीं चार थानों को एडीशनल इंस्पेक्टर मिला है। इधर उधर किए अधिकारियों को तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। शहर के महत्वपूर्ण रघुनाथपाली थाना के प्रभारी राजेंद्र स्वाईं का तबादला कोईड़ा थाना किया गया है। वहीं कोईड़ा थानाधिकारी ज्योतिरंजन पति को सेक्टर.3 थाना का प्रभार सौंपा गया है। सेक्टर.3 थाने की प्रभारी पिंकी मुर्मू को बनई थाना भेजा गया है। बनई थानाधिकारी जनेंद्र साहू को उदितनगर थाना, जबकि उदितनगर थानाधिकारी दिलीप लाकड़ा को साइबर थाना का प्रभारी बनाया गया है। लहुणीपड़ा थानाधिकारी सूरज झांकर को रघुनाथपाली थाना, गुरुंडिया थानाधिकारी रामेश्वर सिंह को लहुणीपड़ा थाना तथा महुलपदा थानाधिकारी सुरेश चंद्र प्रधान को सेक्टर.15 थाना में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह अशोक बेहरा को जिला गुप्तचर अभियान केंद्र से के बलांग थाना प्रभारी नियुक्त कर भेजा गया है, जबकि के बलांग थाना प्रभारी क्षितीश चंद्र पात्र को ट्रैफिक इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवशंकर अल्दा को जिला पुलिस मुख्यालय से महुलपदा थाना का नया थानाधिकारी बनाया गया है।

## घर के पास मिले दो अजगर जंगल में छोड़े गए

राउरकेला। गुरुवार को बोनई के सिंहटोला रेंज क्षेत्र में एक घर के पिछवाड़े के पास दो बड़े अजगर देखे जाने से इलाके में दहशत फैल गई। सांपों को देखकर स्थानीय लोग भयभीत हो गए और तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूत्रों के अनुसारए दोनों अजगर घर के पास घूमते हुए गड्ढे में छिप गए। स्थानीय निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बोनई के सर्प रेस्क्यूअर को सूचित किया गया। रेस्क्यू टीम ने बड़ी सावधानी और प्रयास के बाद गड्ढे से दोनों अजगरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सफल रेस्क्यू के बाद अजगरों को पास के घने जंगल में छोड़ दिया गया, जिससे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई और अजगरों को भी प्राकृतिक आवास मिला। स्थानीय निवासियों ने रेस्क्यूअर की तत्परता और सही समय पर कार्रवाई की सराहना की। यह घटना स्थानीय जागरूकता और त्वरित प्रतिक्रिया का उदाहरण बनकर उभरी।

## पुरानी रंजिश में स्कार्पियो में लगाई आग

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात पुरानी रंजिश में दो आरोपियों ने एक स्कार्पियों वाहन में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी स्कूटी से फरार हो गए। इस घटना में गाड़ी के सामने का हिस्सा पूरी तरह से जल कर खाक हो गया है। मामले की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोटमार में रहने वाला उपेश कुमार पटेल (18) ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पिता खेल कुमार पटेल के नाम से स्कार्पियो है। जिसे गुरुवार की रात को घर के बाहर परछी में खड़ा किया था। इसके बाद रात में सभी घर अंदर सो रहे थे। तभी रात करीब साढ़े 12 बजे जब उपेश अचानक उठा तो उसने देखा कि वाहन के सामने का हिस्से में आग लगा हुआ है। इसके बाद उपेश कुमार ने अपने परिजनों को आवाज लगाई और जब सभी बाहर निकले। इस दौरान गांव का रहने वाला अभय सिंह राजपूत और उसके साथी स्कूटी में बैठकर भाग गए। इसके बाद सभी ने मिलकर कार में लगे आग को पानी डाल कर बुझाया, लेकिन उसके सामने का हिस्सा पूरी तरह जल गया। उपेश ने पुलिस को बताया कि 3 जनवरी को जब वह स्कार्पियों वाहन से कोतरलिया रेलवे स्टेशन गया था तब बिना कारण अभय सिंह राजपूत व उसके साथियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की थी।

# भतीजी ने रची साजिश, साथियों समेत की सोने व नकद की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस ने लाखों की चोरी का खुलासा किया है। आईफोन खरीदने की चाह में भतीजी ने अपने प्रेमी और साथियों के साथ मिलकर बड़े पापा के घर से नकदी, जेवर और सोने के बिस्किट चोरी की। चोरी की रकम से लग्जरी कार खरीदी और पार्टियां की गईं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर 51.82 लाख का माल बरामद किया है।

■ अब तक पांच आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार

पुलिस के अनुसार, 6 दिसंबर 2025 को सुषमा निकुंज ने थाना नारायणपुर में चोरी का केस दर्ज कराई। अपनी रिपोर्ट उन्होंने बताया कि उनके पुराने मकान केराडीह-रैनीडांड में रखे दीवान के अंदर अटैची से लगभग 15 लाख रुपये नकद, सोने की बिस्किट और अन्य जेवरात चोरी हो गए। इतनी बड़ी चोरी की बात सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। पुलिस ने थाना नारायणपुर में आरोपी भतीजी मिनल निकुंज, अनिल प्रधान व उनके 6 अन्य साथियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 331 (4), 305 (A) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया था। सभी आरोपी घटना दिनांक से ही फरार थे, पुलिस के द्वारा लगातार उनकी पातासाजी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मिनल निकुंज व उसका बॉयफ्रेंड आरोपी अनिल प्रधान रांची झारखंड के एक हॉटल में रुके हुए हैं, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा विशेष टीम गठित कर, उनकी धर पकड़ हेतु, रांची रवाना की गई, जिनके द्वारा रांची से दोनों को हिरासत में लेकर वापस लाया गया।





गिरफ्तार आरोपी:-1. मिनल निकुंज, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम केराडीह रैनीडांड, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छ. ग)।2. अनिल प्रधान , उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम बासनताला, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छ. ग)3.अभिषेक इंद्रवार उम्र 28 वर्ष, निवासी गोरिया टोली, चौकी मनोरा4. लंकेश्वर बड़ाईक, उम्र 35 वर्ष, निवासी कोंडरा, थाना सुरसांग, जिला गुमला (झारखंड)5. अलीशा भगत उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बाधर कोना

### सूटकेस उठाकर शुरू की लग्जरी लाइफ

मई 2025 में आरोपियों ने पूरे सूटकेस को ही घर से गायब कर दिया। उसमें लाखों की नकदी और भारी मात्रा में सोना था। इसके बाद रायपुर में विला बुक कर जन्मदिन और पार्टियां, महंगे मोबाइल फोन, और चोरी की रकम से लग्जरी हरियर कार की खरीद हुई। कुछ ही दिनों में लाखों रुपए खर्च कर दिए गए, जबकि सोने का बड़ा हिस्सा अलग-अलग जगहों पर बेचा गया एवं बचे सोने को जो लगभग 3.5 किलो के आसपास था, जशपुर के किराए के घर में छिपा दिया गया।

### बाकी आरोपी भी जल्द गिरफ्त में

एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि चोरी के इस बड़े मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पांच आरोपियों को जेल भेजा है। अन्य फरार आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### जब्त सामान

पुलिस के द्वारा अब तक आरोपियों के कब्जे से, एक हरियर कार, 1 सोने का कड़ा, 100 ग्राम, 50 ग्राम व 20 ग्राम के सोने के तीन बिस्किट, 1 मंगलसूत्र, 86,300 रुपए नकद व 1 आई फोन, 4 एंड्रॉयड फोन सहित 5 मोबाइल फोन को जप्त किया गया है। जप्त माल की वर्तमान कीमत लगभग 51 लाख 82 हजार 300 रु है।

### दो दिनों में 5 लाख खर्च

21 मई 25 को आरोपी मिनल निकुंज का जन्म दिन था। उसका जन्म दिन मनाने सभी आरोपी रुपए लेकर, रायपुर चले गए, फिर वहां के एक विला को बुक कराकर, दो दिनों तक मौज मस्ती किए, दो दिनों में ही उनके द्वारा 5 लाख रुपए से अधिक राशि को खर्च कर दिया गया था। उसके बाद सभी आरोपी सोने की बिस्किट को बेचने के लिए, राउरकेला ओडिशा चले गए, वहां कुछ सोने की बिस्किट को बेचे, जहां उन्हें 8 लाख रु मिले. उससे मिली रकम को आपस में बंटवारा कर लिया। शेष सोने की बिस्किट को सूटकेस में रखकर, रानी बगीचा जशपुर स्थित अपने किराए के घर में छुपाकर रख दिया गया था। इसी दौरान फिर मिनल निकुंज, अनिल प्रधान व उसके साथियों ने देश देखा जशपुर में पार्टी मनाई । पुलिस की पूछताछ पर आरोपी अनील प्रधान व आरोपिया मिनल निकुंज के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। चूंकि पुलिस के द्वारा चोरी में शामिल सभी अन्य आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया था, जो कि फरार थे, जिनकी पता साजी जारी थी, इसी दौरान पुलिस की टेक्निकल टीम व मुखबिर की सूचना पर मामले से जुड़े अन्य आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था।

## अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

# सादगी, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक था अटलजी का जीवनः साय


हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर के अग्रसेन भवन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य अटलजी के राष्ट्रवादी विचारों, सुशासन की अवधारणा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनसेवा की भावना को जन-जन तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




सम्मेलन को संबोधित करते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे जिन्होंने विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों में मर्यादा स्थापित की। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक था। श्रीमती साय ने कहा कि आदिवासी, ग्रामीण और वंचित समाज के उत्थान के लिए अटलजी की सोच दूरदर्शी थी। उन्होंने ग्राम सड़क योजना, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े निर्णयों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज भी देश उन्हीं नीतियों के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने अपने अत्यंत भावपूर्ण एवं रणादायक उद्बोधन में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जशपुर प्रवास को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का जशपुर आना केवल एक राजनीतिक दौरा नहीं था, बल्कि वह आदिवासी अंचल के प्रति उनके गहरे आत्मीय लगाव का प्रतीक था। श्री राय ने कहा कि जशपुर प्रवास के दौरान अटल जी ने जिस सरलता से आम जनता से संवाद किया, वह आज भी लोगों के हृदय में अंकित है। उन्होंने बताया कि अटल जी आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और संघर्ष को गहराई से समझते थे और हमेशा मुख्यधारा से जोड़ने की बात करते थे।उन्होंने आगे कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण के माध्यम से अटल जी ने देश को सामरिक आत्मनिर्भरता दी, वहीं स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से देश के सुदूर अंचलों को विकास की धारा से जोड़ा।श्री राय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अटल जी के राष्ट्र प्रथम के विचार को जीवन में उतारें और संगठनात्मक मजबूती के साथ समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रामकिशुन सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की आर्थिक दृष्टि में सहकारिता और आत्मनिर्भरता का विशेष स्थान था। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए अटल जी ने सहकारी संस्थाओं को मजबूती दी।उन्होंने कहा कि आज आत्मनिर्भर भारत की जो संकल्पना साकार हो रही है, उसकी वैचारिक नींव अटल जी के कार्यकाल में ही रख दी गई थी। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी संगठन के प्रति अत्यंत संवेदनशील नेता थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सदैव सम्मान दिया और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करना सिखाया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने यह सिद्ध किया कि राजनीति सत्ता का नहीं, सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने दिया। उन्होंने कहा कि अटल स्मृति सम्मेलन नई पीढ़ी को अटल जी के विचारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है और ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। आभार व्यक्त एवं समापन की घोषणा जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन जिला मंत्री आनंद शर्मा ने किया। उनके कुशल संचालन से पूरा कार्यक्रम अनुशासित और प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ।सम्मेलन के अंत में उपस्थितजनों ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम राष्ट्रसेवा, सुशासन और संगठनात्मक सशक्तिकरण के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष धनियारो परहा, ठाकुर पुरषोत्तम सिंह, सुनील अग्रवाल, संतोष दास, हरजीत सिंह भाटिया, गणेश जैन, रोशन प्रताप सिंह, अनिल मित्तल, अंकित बंसल, प्रवीण अग्रवाल, संजय लोहिया, अवधेश गुप्ता, हेमंत बंजारा, विशाल अग्रवाल, जागेश्वर यादव, प्रतीक सिंह, भुनेश्वरी बेहरा, भारती शर्मा, गुड़यि यादव, सांवरिया अग्रवाल, नरेश यादव, सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार 9.58 ग्राम हेरोइन किया गया जब्त



राउरकेला। सेक्टर.07 थाना, राउरकेला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्राउन शुगर हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 8 जनवरी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 बी के तहत की गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जनवरी की सुबह गश्त के दौरान सेक्टर.07 थाना के एसआई आरके प्रधान को एक विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि भंजा भवन के पास एक चाय दुकान के नजदीक एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना मिलते ही एसआई प्रधान अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे, जहां चाय दुकान के पीछे एक युवक खड़ा मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर युवक घबराया हुआ नजर आया और स्पष्ट रूप से अपना पता बताने से बचने लगा। उसके संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए पुलिस टीम ने उसकी तलाशी लिए। उसकी पैंट की जेब से संदिग्ध सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुमित कुमार यादव 25 वर्ष पिता राम सूरत यादव निवासी चंदमारी वार्ड नंबर.11, थाना चक्रधरपुर जिला पश्चिमी सिंहभूम, झारखंड बताया। वर्तमान में वह न्यू बस स्टैंड, मछली मार्केट, प्लांटसाइट थाना क्षेत्र, राउरकेला में रह रहा था। पुलिस स्टाफ एवं गवाहों की उपस्थिति में जांच के दौरान बरामद पदार्थ को ब्राउन शुगर हेरोइन घोषित किया गया। तौलने पर इसकी मात्रा 9 ग्राम 58 मिलीग्राम पाई गईए जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 90 हजार 800 आंकी गई।

## 4 जनवरी को बनोरा में आयोजित नेत्र शिविर में मिला 131 मरीजों को लाभ

रायगढ़। अघोरेश्वर भगवान राम प्राथमिक उपचार केंद्र के अन्तर्गत अघोरेश्वर भगवान राम नेत्र चिकित्सा केन्द्र बनोरा में 4 जनवरी को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में 131 मरीजो को जांच का लाभ मिला। नेत्र विशेषज्ञ डा. आरके अग्रवाल द्वारा मरीजों की जांच की गई। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में जारी मानवसेवी गतिविधियों के तहत ग्राम बनोरा में हर माह आयोजित होने वाले इस नेत्र शिविर में 54 मरीजो को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया वही 27 मरीज़ों को चश्मा बनने के बाद अगले नेत्र शिविर में वितरित किया जाएगा । नियमित जांच के दौरान 32 को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया । वही 21 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें चिकित्सको द्वारा उचित परामर्श दिया गया। प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अगला निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 1 फ़रवरी रविवार को आयोजित होगा।



डभरा एवं जिगना में आयोजित शिविर से मिला लाभ 5 जनवरी को अघोर आश्रम डभरा में आयोजित निःशुल्क जांच शिवर में 14 मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया।2 जनवरी को औघड़ की मड़ई जिगना में आयोजित शिविर में डॉक्टर आर के मौर्य द्वारा 114 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। 11 जनवरी को डभरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 11 जनवरी को डभरा में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इस मैराथन शिविर में दर्जन भर विशेषज्ञ चिकित्सक आस पास के दर्जनों गांवों के हजारों मरीजों का निःशुल्क इलाज करेंगे। इस सुव्यवस्थित शिविर में मरीजों के इलाज के पूर्व अन्य पैथोलॉजी जांच की सुविधा भी निःशुल्क रहेगी साथ साथ दवा का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

# काशी विवि में शोधकर्ताओं को वेधशाला का मिलेगा लाभ

वाराणसी । देश में ज्योतिष शास्त्र का अध्यापन को लेकर सबसे अहम भूमिका निभाने वाले काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में आधुनिक लघु वेधशाला के निर्माण की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे प्राचीन वैदिक ज्योतिष (सिद्धांत ज्योतिष) और आधुनिक खगोल विज्ञान का तुलनात्मक अध्ययन कर सूर्य और चन्द्र ग्रहण से अत्याधुनिक परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।



■ आधुनिक वेधशाला के निर्माण की मिली स्वीकृति

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर शत्रुघ्न त्रिपाठी का कहना है कि बी एच यू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी की सोच एवं प्राची-प्रतीची विद्या में अभिनव शोध हेतु प्रदत्त यह लघु वेधशाला निर्माण की परियोजना अतीव प्रासंगिक है । इससे भारतीय ज्योतिष परंपरा को संरक्षित करने और उसे वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डॉ. त्रिपाठी का मानना है कि इससे संस्कृत धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में आधुनिक तंत्र से सुसज्जित इस लघु वेधशाला स्थापित हो जाने से ज्योतिष विभाग की शैक्षणिक सुविधाओं का नया अध्याय जुड़ जाएगा। दरअसल,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के ज्योतिष विभाग में लघु वेधशाला के निर्माण की लम्बे समय से जरुरत महसूस की जा रही थी। अब यह बहुप्रतीक्षित योजना स्वीकृत हो जाने के बाद इससे एक महत्वपूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। यह वेधशाला प्राचीन भारतीय ज्योतिष और खगोल विज्ञान की परंपरा को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़ेगी। इसमें आधुनिक टेलीस्कोप शामिल होंगे, जो आकाशीय अवलोकन और अनुसंधान के लिए उपयोगी होंगे।यहां तारामंडप के साथ-साथ प्राचीन भारतीय खगोलीय यंत्र जैसे सम्राट यंत्र (सूर्य घड़ी), क्रांति यंत्र, दिगंश यंत्र आदि स्थापित किए जाएंगे। ये यंत्र जंतर-मंतर जैसी प्राचीन वेधशालाओं से प्रेरित है और सूर्य, चंद्रमा तथा ग्रहों की स्थिति मापने में प्रयोग होते थे।

### होगा तुलनात्मक अध्ययन

यह सुविधा ज्योतिष विभाग के छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इससे प्राचीन वैदिक ज्योतिष (सिद्धांत ज्योतिष) और आधुनिक खगोल विज्ञान का तुलनात्मक अध्ययन संभव होगा।ज्योतिष विभाग संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के अंतर्गत कार्यरत है, जहां वैदिक ज्योतिष, फलित ज्योतिष और गणित ज्योतिष पर कोर्स जैसे आचार्य , शास्त्री और पीएचडी कोर्स संचालित हैं। विभाग के प्रमुख प्रोफ़ेसर तथा अन्य सदस्य इस क्षेत्र में सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। यह निर्माण भारतीय ज्योतिष परंपरा को संरक्षित करने और उसे वैज्ञानिक आधार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है। डॉ॰ त्रिपाठी विभागाध्यक्ष के साथ साथ विख्यात ज्योतिष हैं। उन्हें अब तक ग्यारह विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। 10 किताब एवं 63 शोधपत्र के साथ साथ उन्होंने दर्जनों संपादन एवं अध्याय लेखन किया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

राउरकेला। 77वें गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन राउरकेला की अतिरिक्त जिला कलेक्टर तथा राष्ट्रीय पर्व आयोजन समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीना दास्तगीर की अध्यक्षता में स्थानीय आईटीडी, सभागार में किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित सदस्यों के साथ चर्चा की और विभिन्न विभागीय अधिकारियों को कार्य संपादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने का आह्वान किया। आगामी 26 जनवरी को सुबह 8.30 बजे उदितनगर परेड मैदान में मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा परेड की सलामी ली जाएगी। इस आयोजन की तैयारी के तहत 21, 22 और 24 जनवरी को सुबह 8 बजे उदितनगर परेड मैदान में राउरकेला के रिज़र्व इंस्पेक्टर ऑफ पुलिस की देखरेख में अभ्यास परेड आयोजित की जाएगी।

## भाजपा प्रभारी ने नए पदाधिकारियों को दिए दायित्व निर्वहन के टिप्स




रायगढ़। जिला भाजपा के सफलता पूर्वक एक वर्ष पूरे होने पर जिला प्रभारी प्रशांत ठाकुर ने जिला पदाधिकारियों की बैठक में बधाई देते हुए कहा रायगढ़ टीम पूरी प्रदेश के लिए मिशाल बने अन्य जिले के लोग यहां की कार्यशैली देखने आए।

जिला भाजपा की सराहना करते हुए उन्होंने नए पदाधिकारियों को काम के टिप्स देते हुए कहा कई बार मेहनत के बाद भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिलता इसकी वजह बताते हुए कहा मेहनत एक मजदूर मैनेजर से अधिक मेहनत करता है लेकिन दोनों को परिणाम अलग अलग मिलता है क्योंकि मैनेजर मेहनत के साथ साथ आगे की प्लानिंग भी करता है और उसके पीछे अपनी बुद्धि का इस्तेमाल भी करता है, इसलिए उसे परिमाण अधिक मिलता है। प्रशांत ठाकुर ने हर पदाधिकारी को तिथि वाली डायरी में नोट करके कार्य करने की सलाह देते हुए कहा एक डायरी आपके भूतकाल में किए गए कार्यों और भविष्य की प्लानिंग को कैद करके रखती है। सुनी हुई बाते व्यक्ति भूल जाता है लेकिन लिखी हुई बाते सदैव मानस पटल पर अंकित रहती है। सभी पदाधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन आवश्यक है और इसके साथ साथ सभी पदाधिकारियों को अपने अपने दायित्वों को भली भांति जानकारी होनी चाहिए ताकि बेहतर तरीके से उनका निर्वहन किया जा सके। पद पाने वाले बहुत से पदाधिकारियों को अपने दायित्व मालूम होगे तो संगठन को मजबूती मिलेगी। भाजपा से जुड़े हर पदाधिकारी को यह मालूम होना चाहिए कि एस आई आर के कार्य में उसकी क्या भूमिका होनी चाहिए।

# प्रबल विरोध के बीच जनसुनवाई संपन्न



सुंदरगढ़। सुंदरगढ़ जिले के हेमगिर ब्लॉक अंतर्गत घोघरपाली में शुक्रवार, को घोघरपाली कोयला खदान परियोजना को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ओडिशा सरकार की ओर से सार्वजनिक पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई मेसर्स वेदांता लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित घोघरपाली, लटापानी, भोग्राबछार, मुंडेलखेत, पोडाजालंग, बिलेईमुंडा एवं छताबर गांवों के डीप एक्सटेंशन कोयला खदान क्षमता 90 एमटीपीए तथा 1418.595 हेक्टेयर खनन क्षेत्र के लिए पर्यावरणीय मंजूरी हेतु आयोजित की गई थी। पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभा की उपेक्षा कर कंपनी और सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के प्रयास किए जाने के आरोप को लेकर स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना पल्लीसभा या ग्रामसभा आयोजित किए सीधे पर्यावरणीय जनसुनवाई कराई गईए जो संविधान और कानून के प्रावधानों का उल्लंघन है। विस्थापितों ने यह भी आरोप लगाया कि जनसुनवाई में कंपनी समर्थित चुनिंदा लोगों को शामिल किया गया, जबकि विरोध कर रहे विस्थापित ग्रामीणों को पुलिस द्वारा रोककर अपनी बात रखने से वंचित किया गया। इससे आक्रोशित लोगों ने वेदांता गो बैक के नारे लगाए और जनसुनवाई को रद्द करने की मांग की। जनसुनवाई स्थल पर लोगों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर एडीएम और अन्य अधिकारियों के वाहनों के सामने धरना देकर अपनी बात रखने का अवसर देने तथा जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद भी लोग एडीएम की गाड़ी के सामने धरने पर बैठे रहेए जिससे विस्थापितों और पुलिस के बीच धक्का.मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। विस्थापित ग्रामीणों ने इस जनसुनवाई को पूरी तरह खारिज करते हुए कंपनी को भूमि देने से साफ इंकार किया है।

# ठिठुरते गरीबों को भोजवानी ने वितरित किया कंबल



रायगढ। घरघोड़ा में कड़ाके की ठंड में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्याम भोजवानी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उन्हें ठंड से राहत पहुंचाई। ठिठुरती ठंड में जब लोग अलाव के सहारे रात काटने को मजबूर हैं, उस समय श्याम भोजवानी स्वयं सड़कों पर निकलकर गरीबों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों कंबल बांटा। श्याम भोजवानी ने इस दौरान कहा कि समाज का दायित्व है कि वह अपने कमजोर वर्ग के साथ खड़ा हो। जब तक कोई भी व्यक्ति ठंड, भूख या अन्याय से परेशान है, तब तक सेवा का कार्य रुकना नहीं चाहिए।

## लोदाम चेकपोस्ट पर बसों की जांच, कई बसों पर कार्रवाई

जशपुरनगर। माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाए जाने के तहत यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोदाम परिवहन चेकपोस्ट पर बसों की सघन जांच शुरू की गई है। खासकर पर्यटक परमिट वाली बसों में हाल ही में बढ़ी दुर्घटनाओं को देखते हुए अभियान और कड़ा किया गया है। चेकपोस्ट पर अधिकारियों ने अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी और आपातकालीन दरवाजों की स्थिति की बारीकी से जांच की। चालकों और परिचालकों को आपातकालीन दरवाजों के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया।बसों पर सुरक्षा मानदंडों को पूरान करने के कारण कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने की अपील की।



# आज रिलीज होगी प्रभास की 'द राजा साब'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द राजा साब'को लेकर चर्चाओं में हैं। 9 जनवरी को रिलीज होने वाली 'द राजा साब'को अब रिलीज से एक दिन पहले कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 'द राजा साब'के निर्माताओं को टिकट की कीमतों में वृद्धि के मुद्दे पर राहत प्रदान की है। प्रभास स्टारर 'द राजा साब'9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मारुति द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, संजय दत्त, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लाइफ Style



# सारा

## लोकप्रियता में प्रभात-थलापति को पीछे छोड़ा

धुरंधर से सुर्खियों में आई अभिनेत्री सारा अर्जुन की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ रही है। सारा ने अब लोकप्रियता के मामले में प्रभास और थलापति विजय जैसी हस्तियों को पीछे छोड़ दिया है। रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर रिलीज के एक महीने बाद भी बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है और शानदार प्रदर्शन कर रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म की सफलता से फिल्म के कलाकारों की भी लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। सिर्फ रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना ही नहीं, बल्कि फिल्म की हीरोइन सारा अर्जुन को भी धुरंधर की सफलता से फायदा मिला है। तभी सारा इस हफ्ते आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में पहले स्थान पर पहुंच गई हैं। इस मामले में उन्होंने प्रभास और थलापति विजय जैसे कई बड़े दिग्गजों को पीछा छोड़ा है। आईएमडीबी ने अपनी साप्ताहिक लोकप्रियता रैंकिंग जारी की। ये दुनिया भर के लाखों प्रशंसकों के पेज व्यू और यूजर एंगेजमेंट के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में सारा अर्जुन, जो पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर थीं, इस बार शीर्ष पर पहुंच गईं। उन्होंने इस मामले में थलपति विजय, प्रभास और अगस्त्य नंदा सहित भारतीय सिनेमा के कुछ बड़े नामों को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस सफलता का श्रेय काफी हद तक 'धुरंधर' को जाता है। आईएमडीबी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'इस सप्ताह की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अपने पसंदीदा सितारों को पहचानें। यह सूची 'पॉपुलर इंडियन सेलेब्रिटीज' द्वारा प्रस्तुत की गई है, जो आईएमडीबी का एक साप्ताहिक फीचर है।

## हॉलीवुड मसाला



# समुद्री डाकू के किरदार में प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की नई हॉलीवुड फिल्म से उनका लुक सामने आया है। इस बार प्रियंका एक समुद्री डाकू के किरदार में नजर आएंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अब इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। अब एक बार फिर वो हॉलीवुड में अपना जलवा बिखेरने वाली है। उनकी आगामी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' से उनका पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में प्रियंका के साथ कार्ल अर्बन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# तलाक के बाद ग्वेनेथ पाल्ट्रो को हुआ था बड़ा नुकसान

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने अपनी निजी जिंदगी की वजह से अपनी प्रोफेशनल लाइफ में नुकसान उठाया है। इसके बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि एक्टर क्रिस मार्टिन से तलाक के कुछ समय बाद ही उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। तलाक के कुछ ही समय बाद जब उन्होंने फिल्म में अपना रोल खोया, तो ये मामला सुर्खियों में आया। उस समय के बारे में बात करते हुए ग्वेनेथ पाल्ट्रो ने कहा कि प्रेस में उनकी निजी जिंदगी के बारे में बहुत बातें हो रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से फिल्म से जुड़े लोगों ने उन्हें प्रोजेक्ट से हटाने का फैसला किया। उनके मुताबिक, उन्हें लगा कि उनके तलाक की वजह से बनी स्थिति ने फिल्म के लिए चीजें मुश्किल कर दी हैं।



# 25 साल बाद भूत बंगला में अक्षय के साथ

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का टीजर जारी किया है। अब उनकी एक और अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने इसकी रिलीज की नई तारीख का ऐलान किया है। यह फिल्म अब 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। इसमें अक्षय के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 25 साल बाद अक्षय और तब्बू 'भूत बंगला' में फिर से साथ आ रहे हैं। फिल्म के निर्माताओं ने पहले इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल, 2026 बताई थी। हालांकि अब यह कन्फर्म हो गया है कि फिल्म एक महीने बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# स्मगलिंग रैकेट को खत्म करने खाई कसम

**मुंबई।** फिल्म 'हक' के बाद इमरान हाशमी अपनी नई सीरीज 'तस्करी- द स्मगलर्स वेब' के जरिए अपने फैंस को एक तोहफा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मेकर्स ने 7 जनवरी को इसका ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में लुका-छुपी का खेल नजर आया है। इसमें तस्कर चीजों को छिपाना अपनी कला मानते हैं, वहीं इमरान हाशमी चीजों को ढूंढने में अपनी महारत समझते हैं। 2 मिनट 29 सेकेंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि इमरान हाशमी एक कस्टम अफसर हैं। उनको सस्पेंड कर दिया गया है। देश के जिम्मेदार देश में तस्करी रोकना चाहते हैं, इसलिए वह उन अधिकारियों की तलाश करते हैं जो ईमानदार हैं। ऐसे में इमरान हाशमी समेत तीन कस्टम ऑफिसर्स का सस्पेंशन रोका जाता है। इसके बाद ये लोग विलेन के रूप में नजर आए शरद केलकर को तस्करी से रोकते हैं।

## टीवी मसाला



# स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के सीक्रेट एपिसोड को लेकर लगने लगी अटकलें

**नई दिल्ली।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का फिनाले एपिसोड हाल ही में दर्शकों ने देखा है। लेकिन, इस एपिसोड को आखिरी एपिसोड नहीं माना जा रहा है। क्या इस सीरीज का आखिरी एपिसोड अभी आना बाकी है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स'की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। हाल ही में इस सीरीज का पांचवां सीजन स्ट्रीम हुआ। आखिरी एपिसोड को देखकर कुछ फैंस निराश भी हुए। लेकिन, अब सोशल मीडिया पर आखिरी एपिसोड को लेकर कई थ्योरी चल रही हैं। इसके बाद से ही यह अटकलें लग रही हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का एक स्पेशल एपिसोड भी दर्शकों को देखने को मिल सकता है। सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का आखिरी एपिसोड नेटफ्लिक्स पर 1 जनवरी को भारत में स्ट्रीम हुआ। जबकि यूएस और बाकी जगहों पर यह एपिसोड 31 दिसंबर को दर्शकों ने देखा था। स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का आखिरी एपिसोड सबसे लंबा था। फाइनल एपिसोड लगभग 2 घंटे और 5 मिनट का था। आखिरी एपिसोड में सीरीज की लीड कैरेक्टर एलेवन, विलेन वेक्ना को खत्म कर देती है। लेकिन, जिस तरह से वेक्ना का खात्मा हुआ, वह फैंस को निराश कर गया। अब स्ट्रेंजर थिंग्स के फिनाले के बारे में बहुत सारी थ्योरीज चल रही हैं। सोशल मीडिया पर कुछ फैंस का मानना है कि आखिरी एपिसोड में कई ऐसे हिंट है, जो बताते हैं कि इस सीरीज का यह आखिरी एपिसोड नहीं था। फैंस का मानना है कि लीड कैरेक्टर इलेवन जिंदा है या मरी है, इस बात का पता नहीं चल रहा है, ऐसे में लगता है कि सीरीज अभी खत्म नहीं हुई है। इसके अलावा कई फैंस ने फिनाले एपिसोड पर रिसर्च की है, जिससे उन्हें कई और हिंट मिल रहे हैं, जो बताते हैं कि 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' की कहानी अभी खत्म नहीं हुई।

## नागिन के आते ही फीका पड़ा अनुपमा का जादू

**नई दिल्ली।** 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा है। इसकी टीआरपी 2.2 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी



(स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ है। इस सीरियल की पहले से अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इस सीरियल ने भी रिलीज होने के एक हफ्ते के बाद ही टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। 52वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल 'अनुपमा अक्सर ही टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बना रहता है। लेकिन, पिछले कुछ हफ्तों में इसकी टीआरपी कम हुई। 52वें हफ्ते में इसकी टीआरपी 2.1 की रही है। टीआरपी लिस्ट में इसे तीसरा स्थान मिला है।

# पुलिसकर्मियों के साथ सोनू ने गुनगुनाया घर कब आओगे गाना

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' इस महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म



का गाना 'घर कब आओगे' जारी किया गया, जो काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म की रिलीज से पहले हाल ही में सिंगर सोनू निगम ने यह गाना मुंबई पुलिस के लिए मुंबई में आयोजित एक इवेंट में गुनगुनाया। इस इवेंट का आयोजन पुलिसकर्मियों के सम्मान में किया गया था। घर और परिवार से दूर रहकर लोगों की सेवा, देश की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में मुंबई में बुधवार को एक इवेंट का आयोजित किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों के सम्मान में कई भावुक संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। इस कार्यक्रम में मशहूर सिंगर सोनू निगम भी पहुंचे और उन्होंने फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' गाया। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ यह गाना मंच से गुनगुनाया। इस दौरान मुंबई पुलिस के म्यूजिक बैंड ने संगीत पेश किया। फिल्म 'बॉर्डर 2', क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

# राजा शिवाजी से लेकर वी शांताराम और ईथा तक इस साल रिलीज होंगी ये बायोपिक फिल्में...

नई दिल्ली। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार हैं। इनमें रितेश देशमुख की राजा शिवाजी से लेकर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जैसे सितारों से सजी कई अन्य दिग्गजों की बायोपिक फिल्में भी शामिल हैं। साल 2026 के शुरू होते ही फिल्मों की घोषणा और रिलीज डेट भी सामने आने लगी है। साल की शुरुआत ही बॉलीवुड फिल्म इक्कीस की रिलीज के साथ हुई। इसके अलावा साल के पहले ही महीने यानी जनवरी में ही कई फिल्में रिलीज होनी है। हर साल की तरह 2026 में भी अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में देखने को मिलेंगी। इस साल कई बायोपिक फिल्में भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।







**राजा शिवाजी** : मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज पर कई फिल्में बन चुकी हैं। अब रितेश देशमुख एक बार फिर छत्रपति शिवाजी महाराज पर एक नई फिल्म बना रहे हैं। इसका नाम राजा शिवाजी है। पिछले दिनों रितेश ने फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म में रितेश देशमुख न सिर्फ छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाएंगे, बल्कि फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी खुद ही किया है। फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है। वहीं, फिल्म की कास्ट भी काफी बड़ी है। इसमें रितेश देशमुख के अलावा संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, जेनेलिया देशमुख, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेंद्र जोशी सरीखे कलाकारों के नाम शामिल हैं। राजा शिवाजी 1 मई को रिलीज होनी है।

**वी. शांताराम** : दिग्गज फिल्म निर्माता वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। वो वी. शांताराम का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का निर्माण अभिजीत शिरीष देशपांडे कर रहे हैं। फिल्म में वी. शांताराम के मूक फिल्म युग से लेकर रंगीन सिनेमा के आगमन तक के सफर को दिखाया जाएगा। फिल्म में तमन्ना भाटिया भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है, लेकिन इसके इसी साल रिलीज होने की संभावना है।

**ईथा** : ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। फिल्म में श्रद्धा कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो विठाबाई नारायणगांवकर का किरदार निभाएंगी। इस फिल्म का निर्देशन छावा का निर्देशन करने वाले लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं। रणदीप हुड्डा फिल्म में लीड एक्टर के किरदार में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

## एक बेहद खूबसूरत हीरोइन, आजीवन रही कुंवारी

# 53 साल की उम्र में की सगाई, फिर भी नहीं हो सकी शादी

*नई दिल्ली। सिनेमा की दुनिया में पर्दे पर तो हमने कई प्रेम कहानियां देखी हैं। आम तौर पर इन कहानियों का अंत सुखद ही रहता है। लेकिन, इस चकाचौंध भरी दुनिया में कुछ प्रेम कहानियां ऐसी भी हुईं, जो अधूरी रह गईं। एक ऐसी ही प्रेम कहानी है तीन दशकों तक बॉलीवुड में अपनी अदाकारी और खूबसूरती से सबक दिल जीतने वाली नंदा की। उनका असली नाम नंदिनी कर्नाटकी था। 8 जनवरी 1939 को वह मराठी फिल्मों के दिग्गज डायरेक्टर-प्रोड्यूसर और एक्टर विनायक दामोदर कर्नाटकी के घर पैदा हुई थीं। नंदा को 30 साल से अधिक के कॅरियर में छोटी बहन, धूल का फूल, भाभी, काला बाजार, कानून, हम दोनों, जब जब फूल खिले, इत्तेफाक और प्रेम रोग जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। ये कहानी है खूबसूरत नंदा और दिग्गज फिल्ममेकर मनमोहन देसाई की अधूरी प्रेम कहानी की। नंदा आजीवन अविवाहित रहीं। उन्होंने कभी शादी नहीं की थी। लेकिन, एक समय था जब मनमोहन देसाई उन पर जान छिड़कते थे। दोनों शादी करने वाले थे। लेकिन, इससे पहले कि यह प्यार आगे बढ़ता, मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*



### मास्टर विनायक की बेटी थीं

नंदा पैदा तो शो-बिजनेस परिवार में हुई थीं, लेकिन उनके पिता की 41 साल की उम्र में ही मृत्यु हो गई, तब वह महज 7 साल की थीं। वह नंदा के पिता मास्टर विनायक ही थे, जिन्होंने लता मंगेशकर को फिल्म इंडस्ट्री में इंट्रोड्यूस किया था। उनके निधन के बाद नंदा के परिवार को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह एक बाल कलाकार बन गईं और 1950 के दशक की शुरुआत में फिल्मों में डेब्यू किया, ताकि परिवार की मदद कर सके।

### पिता की मौत, 6 भाई बहनों की जिम्मेदारी

फिल्मों में काम करने की वजह से नंदा की पढ़ाई पर भी असर पड़ा। वह फिल्मों में काम करतीं, कमातीं और अपने छह भाई-बहनों का सहारा बनीं। नंदा जब अपने स्टारडम के चरम पर थीं, तब 1965 में 'जब जब फूल खिले' की शूटिंग के लिए कश्मीर गई थीं। डायरेक्टर सूरज प्रकाश बताते हैं कि एक महाराष्ट्रीयन लेफ्टिनेंट कर्नल एक्ट्रेस पर फिदा थे। उन्होंने नंदा की मां को शादी का प्रपोजल भी भेजा।

### पत्नी की मौत के बाद अकेले हो गए

पत्नी की मौत के बाद मनमोहन देसाई एकबार फिर से अकेले हो गए। कुछ साल बाद यश जौहर ने नंदा और मनमोहन देसाई की शादी की बात चलानी शुरू की। लेकिन ,सबसे बड़ा सवाल था कि नंदा से बात कैसे की जाए? आखिरकार एक दिन यश जौहर ने नंदा की पक्की सहेली वहीदा रहमान के पास गए और उन्होंने मनमोहन देसाई के दिल का हाल बताया। शुरू में तो वहीदा रहमान ने मना कर दिया। लेकिन, फिर उन्होंने अपने घर पर एक लंच पार्टी रखी और उसमें नंदा को इनवाइट किया। यश जौहर और मनमोहन देसाई को भी बुलाया।

### फिर कभी नहीं की शादी

नंदा ने अपना बाकी जीवन मुंबई में अपने घर में गुजारा। वह परिवार और बहुत करीबी दोस्तों से ही मिलती थीं। फिल्म इंडस्ट्री से उनके करीबी दोस्तों में वहीदा रहमान, नरगिस, आशा पारेख, हेलेन, सायरा बानो, माला सिन्हा, साधना, शकीला और जबीन जलील थीं। 25 मार्च 2014 को 75 साल की उम्र में मुंबई के वर्सोवा स्थित अपने घर में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।

***शादी से पहले दुर्घटना*** *: आखिरकार, बात बनी। साल 1992 में नंदा ने मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। मगर अफसोस, नंदा और मनमोहन देसाई शादी के बंधन में बंध पाते, उससे पहले ही साल 1994 में मनमोहन देसाई की मौत हो गई।*

### नंदा और मनमोहन की अधूरी प्रेम कहानी

नंदा और मनमोहन देसाई की इश्क की दास्तान 1992 में शुरू हुई। वहीदा रहमान के कहने पर अधेड़ उम्र की नंदा ने डायरेक्टर मनमोहन देसाई से सगाई कर ली। लेकिन, जल्द ही उनकी मौत हो गई। नंदा तब 53 साल की थीं और मनमोहन देसाई 55 साल के। वह 1994 में गिरगांव में अपने किराए के फ्लैट की छत से गिर गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस रेलिंग पर वह झुके हुए थे, वह टूट गई थी। इसके बाद नंदा अविवाहित ही रहीं।

### नंदा को बहुत पहले से बेहद पसंद करते थे देसाई

मनमोहन देसाई को बहुत पहले से ही नंदा को बहुत पसंद करते थीं। वह अक्सर एक्ट्रेस से मिलने और उनके पास जाने का बहाना ढूंढते थे। लेकिन, बात नहीं कर पाते थे। शशि कपूर जानते थे कि मनमोहन देसाई नंदा को बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने ये बात नंदा को भी बताई। नंदा को भी मनमोहन देसाई पसंद थे। लेकिन, वो अपनी तरफ से कोई पहल नहीं करना चाहती थीं।

